IV 04/2013

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BG 503256

वरिष्ठ कोषाधिकारी
22 JAN 2013
गाजीपुर

श्री राजाराम शिक्षा एवं विकास ट्रस्ट

ग्राम इचवल, पोस्ट रामपुर, जिला गाजीपुर

<u>न्यास विलेख (INSTRUSMENT OF TRUST)</u>

यह न्यास विलेख आज दिनांक 12.2.13 को गाजीपुर (सदर) में **अनिल कुमार सिंह यादव, ग्राम–इचवल, पोस्ट–रामपुर, जिला–गाजीपुर (उ0प्र0)** द्वारा किया गया जिन्हें आगे **न्यासकर्ता/संस्थापक** कहा जायेगा और क्योंकि न्यासकर्ता/संस्थापक के पास **रू0 5,000/–(पॉच हजार रूपया मात्र)** की धनराशि है जिसे वह लोक कल्याण एवं सामाजिक कार्यो हेतु दान देने की इच्छा करते हैं। न्यासकर्ता/संस्थापक उक्त राशि से अप्रति संहरणीय न्यास (Irrevocable Trust) बनाने हेतु इच्छुक हैं जो कि समाज उत्थान एवं विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करेगा और क्योंकि यह ट्रस्ट **"श्री राजाराम शिक्षा एवं विकास ट्रस्ट" ग्राम इचवल, पोस्ट रामपुर, जिला गाजीपुर** के नाम से जाना जायेगा तथा कार्य करेगा। जिसे कि आगे ट्रस्ट भी कहा जा सकेगा।

न्यासकर्ता/संस्थापक की यह भी इच्छा है कि वह विभिन्न श्रोतों से जिसमें दान, उपहार, ऋण आदि भी सम्मिलित है के द्वारा ट्रस्ट के कोष सम्पदा एवं साधनों को और बढ़ाये ताकि ट्रस्ट अपने उद्देश्यों में प्रभावी रूप से सफल हो सके।

और क्योंकि न्यासकर्ता/संस्थापक ने अपनी इच्छा के अनुकूल रू0 5,000/– पॉच हजार रूपया मात्र) की नगद राशि ट्रस्ट को प्रदान की है।

वर्तमान में इस ट्रस्ट का पंजीकृत/प्रशासनिक कार्यालय **ग्राम इचवल, पोस्ट रामपुर, जिला गाजीपुर** उ0प्र0 रहेगा। अधिक सुविधाजनक स्थान मिलने व मैनेजिंग ट्रस्टी/अध्यक्ष की समहमति से इस कार्यालय को समयानुसार स्थानान्तरित किया जा सकेगा।

Anil Kumar Singh

वरिष्ठ कोषाधिकारी
22 JAN 2013
गाजीपुर

... की तिथि 12-2-13 क्र०सं० 5003

... की बनवाई

आज दिनांक 12-2-2013 को फोटो स्टेट प्रति
पुस्तक सं० IV के खण्ड 09 के पृष्ठ 1/26
क्र० सं० 04 पर रजिस्ट्रीकृत किया गया।

श्रीनिवास यादव
उप–निबन्धक